# चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्री गंगानगर

## 2021-2022

इको क्लब द्वारा आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन :-

1. महाविद्यालय में जगह-जगह पर कचरा पात्र रखवाना :- महाविद्यालय में स्थित कैंटीन के सामने दो कचरा पात्र रखवाए गयें ताकि छात्राएं कैंटीन से सामान लेकर खाने के बाद कचरे को इधर-उधर न फैलायें तथा कचरा कचरा पात्र में ही डाले इसी प्रकार महाविद्यालय में अन्य स्थानों पर भी कचरा पात्र रखवाये गये ।






2. परिंडा अभियान का आयोजन :- महाविद्यालय में दिनाँक 19/04/22 को महाविद्यायल में विभिन्न स्थानों पर स्थित वृक्षों एवं खाली जगह पर परिंडे रखे गये ताकि पक्षियों को पानी सुलभ हो सके ।






न्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित छात्राएं।

नुराम गोदारा
ालय में दो
पारितोषिक
ार को शुरू
विद्यालय के
छात्राओं को
कहा कि
न का समय
आधार है।
त की जाएगी
मिलेगा। पूर्ण
रना चाहिए।
सांस्कृतिक,
अभियान,
बन, उन्नत
श्रेष्ठ भारत
के पुरस्कार
बुधवार को
ौर सर्वश्रेष्ठ
किए जाएंगे।

इस अवसर पर डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. डी पी सिंह, डॉ. लता व्यास, डॉ. पूनम सेतिया, डॉ. इन्द्रा सहारण एवं संकाय सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. ऋचा कुक्कड़ और डॉ. विभा तिवारी ने किया। वहीं महाविद्यालय में नेशनल ग्रीन कोर योजना के तहत इको क्लब ने महाविद्यालय परिसर में गीला-सूखा कचरा को अलग करके रखवाया गया। इस कचरे को अलग करके सूखे कचरे से कंपोस्ट खाद तैयार की जा सके। इस मौके पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। प्राचार्य डॉ.शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण एवं जीव जंतुओं के कल्याण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभारी डॉ. आशा अरोड़ा, डॉ नवनीत वर्मा, डॉ. श्याम लाल, डॉ. आशाराम भार्गव, जयकिशन, राजेश,नरेंद्र कौर, निशा के साथ रेंजर्स छात्राएं उपस्थित थे।



इको क्लब ने परिंडे लगाए: राजकीय कन्या महाविद्यालय में नेशनल ग्रीन कोर योजना के तहत इको क्लब ने परिसर में गीला-सूखा कचरा पात्र रखवाए। ताकि दोनों प्रकार के कचरे को अलग कर सूखे कचरे से कंपोस्ट खाद तैयार की जा सके। पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण एवं जीव जंतुओं के कल्याण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. डीपी सिंह, प्रभारी डॉ. आशा अरोड़ा, डॉ नवनीत वर्मा, डॉ. श्याम लाल, डॉ. आशाराम भार्गव, जयकिशन, राजेश नरेंद्र कौर, निशा व रेंजर्स छात्राएं उपस्थित रहीं।

दैनिक भास्कर 20-4-22
पे.-13

इको क्लब

3. पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन :- दिनॉंक 21/04/22 को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन विषय व एक जारूकता रैली छात्राओं द्वारा निकाली गई जिसमें छात्राओं ने प्लास्टिक्स व पोलीथीन का उपयोग बंद करने प्रदूषण को कम करने से सम्बन्धित नारे लगाये तथा रैली द्वारा आस-पास के इलाकों में पर्यावरण को बनाने के लिए प्रेरित किया ।






4. विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन : पर्यावरण संरक्षण जन-जाग्रत्ति लाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता पर्यावरण संरक्षण आधारित पोस्टर प्रतियोगिता नारा लेखन प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व प्रोजेक्ट मॉडल बनाना प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।







5. पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोजेक्ट मॉडल बनाना :– भूगोल सहायक आचार्यो सुश्री नरेन्द्र कौर व सुश्री निशारानी के सहयोग से छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रोजेक्ट मार्डल तैयार किया गया। प्रोजेक्ट मॉडल की प्रक्रिया को विस्तार से दूसरों को समझाया । इस तरह की गतिविधियाँ छात्राओं में सृजन की सोच विकसित करती है । प्रोजेक्ट मॉडल बनाने वाली छात्राओं ने अन्य उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करने का प्रयास किया ।








6. पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण पर व्यख्यान :- महाविद्यालय में 22 अप्रैल 2022 को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर भूगोल शिक्षाविद् एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. अरूण शहरिया द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक व्याख्यान दिया गया जिसमें उन्होनें पूरी पृथ्वी तथा उसमें निवास करने वाले जीव जन्तुओं प्राकृतिक वातावरण मानव का अनावश्यक हस्तक्षेप, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण आदि विविध विषयों की जानकारी प्रदान की गई तथा प्राकृतिक संसाधनों को बचाने हेतु तथा भावी मानव जीवन को बनाये रखने हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया।







राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड
नैशनल ग्रीन कोर
ईको क्लब
GPS Map Camera
श्रीगंगानगर, राजस्थान, भारत
B 81, प्रेम नगर, श्रीगंगानगर, राजस्थान 335001, भारत
Lat 29.914722°
Long 73.866518°
22/04/22 12:15 PM
Google


राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड
नैशनल ग्रीन कोर
ईको क्लब
GPS Map Camera
Sri Ganganagar, Rajasthan, India
B 81, Prem Nagar, Sri Ganganagar, Rajasthan
335001, India
Lat 29.914722°
Long 73.866519°
22/04/22 11:49 AM
NEW PREM
NAGAR
Google

7. वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन :– महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम इको क्लब द्वारा आयोजित किया गया । छात्राओं द्वारा भी पौधे लगाये गये तथा छात्राओं को महाविद्यालय में पौधे में नियमित रूप से पानी डालनें के लिए प्रेरित किया गया ।

दैनिक भास्कर पेज-16 23-4-22



**बल्लूराम गोदारा कॉलेजः** प्रशासन, वन विभाग एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट-गाइड जिला मुख्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। इस दौरान वन विभाग के राजेश सिडाना, डूंगरराम एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की सीओ मोनिका यादव ने अपनी सहभागिता दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा ने पौधरोपण का महत्व बताते हुए छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

↑ इको क्लब

# उत्कृष्टता, खेलकूद प्र
# ...गयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ...

## ...विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव ए...



...नगर

...में बुधवार ...क वितरण ...। समारोह ...कार्यवाहक ...तिथियों का ...गतिविधियों ... प्रतिवेदन ... के संकाय ...चित कराते ...मंत्रालयिक

कर्मचारी, सहायक कर्मचारी व छात्राएं महाविद्यालय की रीढ़ हैं। मुख्य अतिथि भामाशाह सुभाष गोदारा, विशिष्ट अतिथि सरदार प्रितपाल सिंह सैनी व सुमन गुप्ता थी। ईको क्लब के तत्वावधान में अतिथियों की ओर से पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अकादमिक उत्कृष्टता, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं वर्ष पर्यंत की गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।








# कन्या महाविद्यालय में किया पौधारोपण




**श्रीगंगानगर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्थानीय प्रशासन वन विभाग एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पौधारोपण किया। इसमें वन विभाग के श्री राजेश सिडाना, श्री डूंगर राम एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की सी ओ मोनिका यादव ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इको क्लब प्रभारी डॉ. आशा अरोड़ा, डॉ. नवनीत वर्मा, श्रीमती शालिनी आल्हा, डॉ. आशा राम भार्गव, सुश्री नरेन्द्र कौर, सुश्री निशा रानी तथा महाविद्यालय की रेंजर्स व छात्राओं ने भी इस अवसर पर पौधारोपण किया।

महाविद्यालय में भूगोल विषय के विशेषज्ञ सह आचार्य डॉ. अरूण शहरिया द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने पृथ्वी का पूरा भौगोलिक वर्णन करते हुए पृथ्वी को सरंक्षित रखने की बात पर जोर दिया। उन्होनें छात्राओं को प्रदूषण के प्राकृतिक संसाधनों पर नुकसान के बारे में बताते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने एवं जल-सरंक्षण की बात कही। उन्होंने पृथ्वी दिवस क्यों मनाया जाता है व इसकी शुरूआत कहां से हुई, इसके बारे में भी जानकारी प्रदान की। मंच संचालन श्रीमती शालिनी आल्हा द्वारा किया गया। डॉ. अरूण शहरिया, ईको क्लब सदस्यों, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. डी.पी. सिंह एवं डॉ. श्याम लाल द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण भी किया गया।

8. वन–विभाग,श्री गंगानगर, राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, श्री गंगानगर व महाविद्यालय इको क्लब का संयुक्त कार्यक्रम :– पृथ्वी दिवस पर महाविद्यालय परिसर में वन–विभाग श्री गंगानगर, राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, श्री गंगानगर व महाविद्यालय इको क्लब संयुक्त रूप से पौधेरोपण कार्यक्रम एवं एक जागरुकता रैली निकाली गई । इस अवसर पर वन विभाग के श्रीमती हरीश सिडाना,राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, की सी.ओ. श्रीमती मोनिका यादव, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा, इको क्लब की प्रभारी डॉ. आशा अरोड़ा, सदस्य डॉ. नवनीत वर्मा, डॉ. श्यामलाल, श्रीमती शालिनी आल्हा, डॉ. आशाराम भार्गव, श्री जयकिशन, श्री राजेश, सुश्री नरेन्द्र कौर व सुश्री निशारानी तथा काफी सख्या में छात्राएं उपस्थित रही ।


पृथ्वी दिवस पर हुआ कार्यक्रम

छात्राओं ने रैली निकाली, पौधे लगाए




EARTH
DAY
22 अप्रैल




पृथ्वी दिवस
22 अप्रैल


दिवस
मण्डल, श्रीगंगानगर


राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड




विभिन्न प्रकार की आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी रहने वाली छात्राओं को इको क्लब द्वारा पुरस्कृत किया गया। पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं जागरूकता से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियाँ प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. रजनी शर्मा व डॉ. डी.पी.सिंह के प्रेरणाप्रद निर्देशन में व छात्राओं के अतीव सहयोग से इको क्लब के सदस्यों द्वारा सम्पादित किये गये ।

प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता<br>
डॉ. आशा अरोड़ा<br>
प्रभारी इको क्लब

( डॉ. आशा शर्मा )<br>
प्राचार्य<br>
चौ. बल्लूराम गोदारा<br>
राजकीय कन्या महाविद्यालय,<br>
श्री गंगानगर